# सृष्टि चक्र

ओं इत्येकाक्षरं ब्रह्म

ॐ हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्।

स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमाम् कस्मै देवाय हविषा विधेम!

डी.ए.वी.पी. (भारत सरकार) द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

पंजीयन संख्या: UTTHIN/2006/17322

डाक पंजीयन संख्या: यू.ए./डी.ओ./दे.दून/291/2024-26

वर्ष-19 अंक-46 साप्ताहिक हरिद्वार (उत्तराखण्ड) बृहस्पतिवार 8 मई 2025 पृष्ठ-4 मूल्य 1 रूपया


# बरसात शुरू होने से पहले राज्य के सभी स्कूलों का निरीक्षण किया जाए: मुख्यमंत्री

एस गुप्ता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्कूलों में बच्चों को पाठ्यचर्या में श्रीमद् भगवत गीता का अध्ययन भी कराया जाए। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार का अगले 10सालों के स्पष्ट प्लान पर कार्य किया जाए। शिक्षा विभाग द्वारा दिसम्बर 226 तक शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों का रजतोत्सव कलेण्डर बनाया जाए। बरसात शुरू होने से पहले राज्य के सभी स्कूलों का निरीक्षण किया जाए और स्कूल के रास्तों और पुलों की स्थिति के साथ ही अन्य मूलभूत सुविधाओं को भी देखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कलस्टर विद्यालयों में आवसीय हॉस्टल की सुविधा के लिए अन्य राज्यों की बैस्ट प्रैक्टिस का अध्ययन कर प्रस्ताव बनाया जाए। यह



सुनिश्चित किया जाए कि बच्चों को आवसीय हॉस्टल में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों। पहले चरण में प्रत्येक जनपद में एक-एक आवासीय हॉस्टल बनाया जाए। 559 कलस्टर विद्यालयों के 15 किमी के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं की परिवहन व्यवस्था के लिए जल्द प्रस्ताव बनाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि हर साल बच्चों को पाठ्य-पुस्तकें समय पर मिले। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में ट्रांसफर की प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता रहे, इसके लिए सभी पहलुओं का गहनता से अध्ययन कर प्रस्ताव बनाया जाए। जनपद, मण्डल और राज्य स्तरीय कैडर में सभी पहलुओं का ध्यान रखा जाए। स्कूलों में एनसीसी और एन.एस.एस को बढ़ावा दिया जाए, जिन स्कूलों में अभी इनकी सुविधा नहीं हैं, चरणबद्ध तरीके से स्कूलों का चयन किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए राज्य के औद्योगिक प्रतिष्ठानों से सी.एस.आर फण्ड के तहत सहयोग के लिए अनुरोध भी किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीर्ण-शीर्ण विद्यालयों में मरम्मत के कार्यों में तेजी लाई जाए। स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। बच्चों की सुरक्षा से सबंधित किसी भी मामले में लापरवाई करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में छात्रों की क्षमता के अनुसार पूर्ण उपलब्धता हो, इसके लिए प्रतीक्षा सूची भी बनाई जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए आवश्यक संसाधनों में कोई कमी नहीं होने दी जायेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 220का राज्य में प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में और तेजी से कार्य किये जाएं। बच्चों को नैतिक शिक्षा, पर्यावरणीय शिक्षा, राज्य की सांस्कृतिक विरासत, महानुभावों का उल्लेख, क्षेत्रीय आवश्यकताओं के हिसाब से कौशल विकास, स्वास्थ्य शिक्षा, लोककथा, लोक साहित्य, संगीत और कला को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। बैठक में शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, सचिव शिक्षा रविनाथ रमन, अपर सचिव श्रीमती रंजना, महानिदेशक माध्यमिक शिक्षा सुश्री झरना कमठान, अपर सचिव बेसिक शिक्षा एम.एम. सेमवाल, माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. मुकुल कुमार सती, बेसिक शिक्षा निदेशक श्री अजय नौडियाल अरोर शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सचिव सिमरनजीत कौर और औषधी निरीक्षक अनिता भारती ने औद्योगिक क्षेत्र सिडकुल में फॉर्मा कंपनी का निरीक्षण किया



अमित कुमार

हरिद्वार। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर सेफ ड्रग्स सेफ लाइफ अभियान के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सिमरनजीत कौर ने औषधी निरीक्षक अनिता भारती के साथ मिलकर औद्योगिक क्षेत्र सिडकुल स्थित सर्व फार्मा स्वटीकल और मेसकोर्ट फार्मास्यूटिकल में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कम्पनी प्रबन्धक से समस्त लाइसेंसों को तलब किया गया। निरीक्षण टीम ने कम्पनी में उचित रूप से साफ-सफाई, फिल्टर की सफाई, दवाईयों में प्रयोग होने वाले जल की स्वच्छता पर ध्यान देने का निर्देश दिया ।


## शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र का विकास करना प्राथमिकता : अंशुल सिंह

अमित गुप्ता

हरिद्वार। प्रेस क्लब द्वारा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एचआरडीए उपाध्यक्ष अंशुल सिंह ने एचआरडीए की योजनाओं और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के विभिन्न सवालों के जवाब भी दिए। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी और महामंत्री दीपक मिश्रा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर अंशुल सिंह का स्वागत किया। एचआरडीए उपाध्यक्ष अंशुल सिंह ने कहा कि शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। एचआरडीए द्वारा नारसन बॉर्डर पर भव्य स्वागत द्वार बनाया जा रहा है। डेढ़ साल से चल रहा स्वागत द्वार का निर्माण कार्य




अब अंतिम चरण में है। जल्द ही इसका उद्घाटन किया जाएगा। यह प्रयोग सफल रहा तो अन्य बॉर्डर पर भी स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। कांवड़ पटरी पर ग्रीनरी और पेड़ पौधे लगाने के लिए यूपी सिंचाई विभाग को पत्र लिखे गए हैं। डामकोठी का भव्य सौंदर्यकरण किया जाएगा और उसके आसपास पेड़ पौधे लगाए जाएंगे। बताया कि एचआरडीए द्वारा भल्ला कालेज मैदान पर बनाए गए अंतर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम में वेटरन चैंपियनशिप का सफल आयोजन किया गया। बरसात के दौरान स्टेडियम में कई प्रेक्टिस पिच बनाई जाएंगी। स्टेडियम में पवेलियन बनाने के लिए भी भारत सरकार को पत्र लिखा गया है।



# सम्पादकीय

## सलाम सेना

मोदी सरकार ने पहलगाम हमले के बाद जो संकल्प लिया था उसको हमारी सेना ने एक बार फिर सच कर दिखाया। ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत अब किसी के भी आगे नहीं झुकेगा। आतंकवाद का मसीहा बने पाकिस्तान को हमारी सेना ने एक बार फिर उसके घर में घुस कर जिस तरह से आतंकवादियों को मिट्टी में मिला दिया है उससे पूरा पाकिस्तान सदमे में है। उसे यह समझ ही नहीं आ रहा है कि वह अब क्या करें। वैसे तो पहलगाम में हुए कायराना हमले के बाद से ही देश और दुनिया को यह आभास तो हो ही गया था कि अब कुछ बड़ा होने वाला है। वही दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक रूप से यह ऐलान भी कर दिया था कि कायर आतंकियों को मिट्टी में मिला देंगे। अब पाकिस्तान को एक चुटकी सिंदूर की ताकत का अहसास हो गया होगा। हमारी जाबाज सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत मात्र आधे घंटे में ही जिस प्रकार से आतंक के ठिकानों को दफन किया उससे पूरे पाकिस्तान की रूह कांप गई। मुजफ्फराबाद, बिलाल, कोटली, बरनाला, हेड मराला, सरजाल, मुरीदके और बहावलपुर में भारतीय सेना ने गिनती की 24 मिसाइलें ही दाग कर दहशतगर्दों के सभी ठिकाने जमींदोज कर आतंकियों को जहन्नुम में पहुंचा दिया। इस ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान में जो तबाही मचाई है, उसे पाकिस्तान कभी नहीं भुला पाएगा। सेना के ऑपरेशन सिंदूर का भारत की जनता के साथ-साथ सभी विपक्षी पार्टियों ने एक स्वर में समर्थन किया है वह अपने आप में ऐतिहासिक है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जिस तरह से पाकिस्तान ने घड़ियाली आंसू बहाने का ड्रामा किया उस पर किसी ने गौर नहीं किया बल्कि भारत की इस कार्रवाई का सभी प्रमुख देशों ने दिल खोल कर समर्थन किया। भारत ने कहा है कि यह तो अभी ट्रेलर है पूरी पिक्चर तो अभी बाकी है। देश की जनता सेना के साथ एकजुटता के साथ खड़ी है। देश की जनता चाहती है कि अब शीघ्र ही पाकिस्तान का नाम ही दुनिया के नक्शे से विलुप्त हो जाएं। भारतीय सेना को एक बार फिर दिल से सलाम।

# अवैध अतिक्रमण पर चला प्रशासन का पीला पंजा



अमित कुमार

हरिद्वार। जिलाधिकारी हरिद्वार के निर्देश पर ग्राम सलेमपुर महदूद परगना रूडकी तहसील व जिला हरिद्वार में किसी प्राईवेट कालोनाईजर द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर किये गये अवैध कब्जे कर सडक निर्माण की जांच की गई, जिसमें निम्नवत् कार्यवाही की गई ~ग्राम सलेमपुर महदूद-2 परगना रूडकी तहसील व जिला हरिद्वार में स्थित ग्राम समाज की `.138हे०भूमि पर सडक का निर्माण किया गया थाजिसे जेसीबी०के द्वारा ध्वस्त कराया गया, चकरोड की `.12हे०भूमि पर अतिक्रमण निजी सीसी०मार्ग का निर्माण तथा भराव किया गया था जिसे ध्वस्त किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम समाज की `.463हे०भूमि जिस पर अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था, को भी चिन्हित कर ग्राम प्रधान सलेमपुर महदूद के सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान राजस्व टीम में उप जिलाधिकारी हरिद्वार जितेंद्र कुमार,राजस्व निरीक्षक रमेशचन्द्र, संजय कुमार, राजस्व उप निरीक्षक अरविन्द सैनी, प्रवीन आर्य, आशीष ममगई उपस्थित रहे।

# डी.पी.एस. दौलतपुर में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के अंतर्गत एक रोचक और जानकारीपूर्ण कार्यशाला का आयोजन

अमित कुमार

हरिद्वार। दिल्ली पब्लिक स्कूल दौलतपुर ने इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के अंतर्गत एक रोचक और जानकारीपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को मतदान के महत्व के बारे में शिक्षित करना और कम उम्र से ही ज़िम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित करना था। कार्यशाला की संसाधन व्यक्ति श्रीमती आकर्षिका शर्मा थीं, जो नगर निगम हरिद्वार के वार्ड संख्या 6० की सम्मानित वार्ड पार्षद हैंउन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया, मतदाता जागरूकता के महत्व और यह कैसे प्रत्येक नागरिक का मत देश के भविष्य के निर्माण में योगदान देता है, इस पर बहुमूल्य जानकारी साझा की। इंटरएक्टिव चर्चाओं और वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से श्रीमती अकार्षिका शर्मा ने छात्रों को लोकतंत्र में जागरूक और सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यशाला अत्यंत सफल रही, जिससे छात्र प्रेरित और अपने नागरिक कर्तव्यों तथा मताधिकार की शक्ति के प्रति जागरूक हुए।

# गैस चोरों के हौसले बुलंद, आम उपभोक्ता का हो रहा है जमकर शोषण : सुनील सेठी



वाणी

हरिद्वार। हरिद्वार में घरेलू एवं कमर्शियल गैस सिलेंडरो से धड़ल्ले से हो रही गैस चोरी जानकारी के बाद भी जिला पूर्ति विभाग नहीं करता कोई कार्यवाही। जिला अधिकारी को पत्र लिख की कार्यवाही की मांग। सुनील सेठी ने जनता से की अपील बिना तोल न ले सिलेंडर। दिन भर घूमती गाड़ियों , साइकिलिंग पर सिलेंडर सप्लायर के सिलेंडर करवाए चैक दूध का दूध पानी का पानी होगा जनता के सामने। महानगर व्यापारंडल के जिला अध्यक्ष सुनील सेठी ने हरिद्वार में सिलेंडरो के नाम पर बड़े रूप से हो रहे उपभोक्ताओं के शोषण पर जिला अधिकारी से निराकरण की गुहार लगाई। सेठी ने जिला अधिकारी हरिद्वार को पत्र लिख अवगत करवाया कि विशेषकर हरिद्वार शहर हरकी पोड़ी के आस पास का संपूर्ण क्षेत्र सहित पूरे हरिद्वार में उपभोक्ताओं द्वारा लगातार कम गैस दिए जाने की सूचना आ रही है इस पर एक विशेष नेटवर्क काम करता है जो गैस एजेंसियों से कोई सैलरी नहीं लेता सिर्फ सिलेंडर ले उन्हें अन्य स्थानों पर कमरों में ले जाकर उनसे गैस निकालते है ।

जिसमें लगभग 3 भरे सिलेंडर से 1 अन्य खाली सिलेंडर तैयार करते है यात्री बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण दुकानदार हो या होटल धर्मशाला व्यवसाई अपने कागजों के हिसाब से सिलेंडर से पूर्ति नहीं कर पाता उन जगहों पर ये कम गैस सिलेंडर महंगे दामों पर दिए जा रहे है उसके साथ ही आम उपभोक्ताओं को भी कम गैस सिलेंडर दिए जा रहे है जिसमें बड़े रूप में धांधली हो रही है जिस पर संबंधित विभाग जिला पूर्ति विभाग द्वारा जानकारी होने के बाद भी कोई कार्यवाही अब तक अमल में नहीं लाई जा रही । न ही विभाग कभी फील्ड पर उतरकर ऐसी जांच करता है कि उपभोक्ताओं को पूरी गैस मिल रही है या नहीं जिससे आम जनता में रोष है रोजाना कही न कही सप्लायरों के साथ विवाद की घटनाएं भी हो रही है इस गंभीर विषय पर बड़े स्तर से ठोस कदम उठाए जाए जिससे जनता को पूरे पैसे के बदले पूरी गैस मिले । सेठी ने जनता से भी अपील की है कि वो सिलेंडर तोल कर ले और अनावश्यक पैसे न दे। घरेलू उपभोक्ता अधिक से अधिक भूमिगत गैस कनेक्शन ले जिससे उन्हें उनके पैसे के बदले पूरी गैस प्राप्त हो। मांग करने वालो में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष सुनील मनोचा, प्रीत कमल सारस्वत, अनिल कोरी, एस के सैनी, पंकज माटा, सोनू चौधरी, महेश कालोनी, भूदेव शर्मा, राकेश सिंह, राजू जोशी, सचिन अग्रवाल, अभिनव कुमार, नंद कुमार, राहुल अरोड़ा रहे।

# कांग्रेस ने किया संविधान का सर्वाधिक दुरूपयोग : मथुरा दत्त जोशी




अमित कुमार

हरिद्वार। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री मथुरा दत्त जोशी ने कांग्रेस द्वारा 3० अप्रैल को आयोजित की जा रही संविधान बचाओ रैली को राजनीतिक नौटंकी बताते हुए कहा कि कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में एकजुटता से आगे बढ़ रहा है लेकिन अपने नकारात्मक रुख के चलते, कांग्रेस और उनकी सहयोगी पार्टियों को अपना राजनैतिक भविष्य शून्य की तरफ खिसकता नजर आ रहा है। यही वजह है कि वे हताशा निराशा में लगातार देश में भ्रम और झूठ फैलाने की राजनीति को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए मथुरा दत्त जोशी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की प्रस्तावित संविधान बचाओ रैली भी देश और समाज को बरगलाकर, अराजक माहौल पैदा कर जनता के आत्मविश्वास को कमजोर करने की योजना का हिस्सा है। जोशी ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी प्रत्येक पार्टी को अपनी बात रखने का अवसर देती है। लेकिन बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह सब उस समय किया जा रहा है। जब देश पहलगामा हमले से दुख और आक्रोश में है और पीएम मोदी के नेतृत्व में दुश्मनों को करारा जवाब देने की तैयारी में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि देश में आपातकाल लगाने की जिम्मेदार कांग्रेस संविधान बचाने का दावा कर रही है। जबकि संविधान का सबसे अधिक दुरूपयोग कांग्रेस ने ही किया है। हाईकोर्ट के एक फैसले से खुद का सिंहासन हिलते देख तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा

# झारखंड के कोडरमा में पत्रकारों की भूमिका पर मंथन, सरकार से सहयोग का भरोसा



- पत्रकार पक्षकार नहीं आईना बनें- राधा कृष्ण किशोर
- अभी आत्मचिंतन का समय है- राधाकृष्ण किशोर
- JJA प्रदेश अध्यक्ष संपूर्णा नंद भारती ने सौंपा पांच सूत्री मांगपत्र

ए. गुप्ता

कोडरमा (झारखंड)। झारखंड के कोडरमा जिला मुख्यालय में आज भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के वित्त, वाणिज्य एवं संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के चारों स्तंभ – विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया – को आत्मचिंतन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इन सभी संस्थाओं को यह विचार करना चाहिए कि वे अपने मूल स्वरूप में कार्य कर रही हैं या नहीं।मंत्री किशोर ने मीडिया से भी सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया और कहा कि जब सभी स्तंभ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से करेंगे, तभी समाज में स्वच्छ और जागरूक वातावरण का निर्माण संभव होगा।वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि आज भी मीडिया की सार्थक भूमिका है पर पूरे हिंदुस्तान में कार्यपालिका की जो स्थिति बनी



हुई है वह बहुत चिंताजनक है। यह आत्मचिंतन का समय है और अब यह समय आ गया है कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के साथ ही पत्रकार यानि मीडिया भी अपनी कमियों को देखे। उन्होंने पहले की पत्रकारिता के साथ ही राजनीति और चुनाव पर भी चर्चा की। यह भी कहा कि यदि राजनीति में नहीं होता तो पत्रकारिता ही कर रहा होता। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पांडेय ने पत्रकारों से अपनी सार्थक और निष्पक्ष भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यदि लोकतंत्र के चारों स्तंभों में समन्वय बनाना है तो मीडिया को अपनी आंखें और कान खुले रखने होंगे और न्यायपालिका, कार्यपालिका तथा विधायिका पर नजर बनाए रखनी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकारों को पक्षकार नहीं बल्कि समाज का आईना बनना चाहिए।संघ के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. नवीन आनंद जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि शासन के दस्तावेजों, इमारतों और मुद्रा पर जो तीन शेर दिखाई देते हैं, उनमें चौथा अदृश्य शेर मीडिया है, जो खबरों के माध्यम से लोकतंत्र के बाकी तीनों स्तंभों पर निगरानी रखता है। उन्होंने मीडिया को खबरदार पालिका करार दिया, जो समाज को जागरूक रखने में अहम भूमिका निभाती है। संघ के संस्थापक शाहनवाज हसन ने झारखंड सरकार द्वारा पत्रकारों के कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने की मांग वित्त मंत्री के समक्ष रखी। वित्त मंत्री ने आश्वासन दिया कि पत्रकारों की वाजिब मांगों को सरकार तक पहुंचाया जाएगा और उन्हें पूरा कराने का प्रयास होगा, जिस प्रकार मध्य प्रदेश एवं अन्य राज्यों में पत्रकारों के लिए योजनाएं लागू की गई हैं। कार्यक्रम का संचालन संघ के राष्ट्रीय सचिव चंदन मिश्रा ने किया, जबकि राष्ट्रीय संगठन मंत्री गिरधर शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संघ की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एस एस नसरीन, अन्य पदाधिकारी और देशभर से आए वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे। यह बैठक पत्रकारिता के मूल्यों, दायित्वों और चुनौतियों पर मंथन का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुई, जहां पत्रकारों की न केवल भूमिका को रेखांकित किया गया बल्कि उनके सशक्तिकरण और सुरक्षा को लेकर भी ठोस चर्चा हुई। इस दौरान डॉ नवीन आनंद जोशी, झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष संपूर्णानंद भारती, उत्तराखंड से गिरिधर शर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एस नसरीन, संजय पांडेय, अमित गुप्ता, के पी एस चौहान,महेंद्र शर्मा, शुभेंदु चटर्जी, सुभाशीष पॉल, जेद बाजपेई, संजीव जायसवाल, जगदीश सलूजा, संजीव समीर, जावेद इस्लाम, आलोक सिन्हा, अनिल सिंह, नितिन मिश्रा, कृष्ण गुप्ता, अर्जुन सोनी, मोहम्मद अनवर, राजदेव, अनुज सोनी, आकाश, पंकज सिंह, संदीप केसरी, मनीष वर्णवाल, प्रेम भारती, मंटू सोनी, राम अवतार सिंह, राजेन्द्र वर्णवाल, सुनील सिंहा, सुधीर पांडेय समेत विभिन्न राज्यों से आए भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारी और अन्य सदस्य मौजूद थे।

# भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित









ए. गुप्ता

नई दिल्ली/कोडरमा। देश के सबसे बड़े पत्रकार संगठन भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की वर्ष 225-27 की नवीन राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। इस नई कार्यकारिणी में उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार एवं दैनिक विश्ववार्ता के प्रधान संपादक अशोक पांडेय को राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है, जबकि मध्य प्रदेश के दैनिक लोकसत्य के स्थानीय संपादक डॉ. नवीन आनन्द जोशी को राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में अन्य प्रमुख नियुक्तियों में पश्चिम बंगाल की सुश्री एस एस नसरीन को कोषाध्यक्ष, उत्तराखंड के गिरधर शर्मा को संगठन सचिव बनाया गया है। केरल के वरिष्ठ पत्रकार सुरेश एस. उन्नीथन तथा आंध्र प्रदेश के राघवेंद्र मिश्रा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। राष्ट्रीय सचिव पदों पर झारखंड के चंदन मिश्रा, तमिलनाडु के पी. थंगमणि, कर्नाटक के श्रीकांत कानिटकर , मप्र की श्रीमती रोमा मल्होत्रा को नियुक्त किया गया है। संयुक्त सचिव के रूप में उत्तर प्रदेश के शिबू निगम और जयद बाजपेई को मनोनीत किया गया। शपथ ग्रहण समारोह झारखंड के कोडरमा में भव्य आयोजन के साथ संपन्न हुआ, जहां नवगठित कार्यकारिणी के सदस्यों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। बैठक में देशभर के राज्यों के लिए कार्यभार वितरण भी किया गया। प्रमुख प्रभार इस प्रकार रहे ।

पश्चिम बंगाल व छत्तीसगढ़ - गिरधर शर्मा,

राजस्थान व गुजरात - डॉ. नवीन आनन्द जोशी

बिहार व झारखंड - चंदन मिश्रा

उत्तराखंड - गायत्री चंद्रवीर व केपीएस चौहान

केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु - सुरेश उन्नीथन

आंध्र प्रदेश व तेलंगाना - वीरभद्र राव,

हरियाणा - नवीन पांडे व अमित गुप्ता,

पंजाब - इंदु बंसल (हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष)

जम्मू-कश्मीर व असम - सुश्री एस एस नसरीन

गोवा व महाराष्ट्र - श्रीकांत कानिटकर

मध्य प्रदेश - संजय पांडे


हिमाचल प्रदेश - डॉ. अरुण सक्सेना (मध्य प्रदेश अध्यक्ष)

संघ के संस्थापक शाहनवाज हसन को पत्रकारों के कल्याण के लिए गठित कोऑपरेटिव सोसाइटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया है, जो मल्टीपल कोऑपरेटिव के निदेशक मंडल का गठन करेंगे। साथ ही मप्र के अभय सुराणा को राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी,झारखंड के संजीव समीर को सह मीडिया प्रभारी तथा बिहार के संजीव जायसवाल को राष्ट्रीय प्रवक्ता , मप्र के कमल आलोक प्रसाद को सहप्रवक्ता नियुक्त किया गया है। संगठन के विधिक मामलों की देखरेख के लिए जगदीश सलूजा, अनुज पांडे, और कुशल पाल सिंह चौहान को लीगल प्रभारी नामित किया गया है। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक पांडेय ने कहा कि संगठन पत्रकारों की आवाज़ को सशक्त बनाने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कटिबद्ध है।

# पत्रकारों ने चलाया सफाई अभियान

अमित कुमार

हरिद्वार। हरिद्वार प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में पत्रकारों और सफाई कर्मियों ने क्लब के गेस्ट हाउस में सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर सफाई में जुटे पत्रकारों और सफाई कर्मियों को पार्षद भूपेंद्र कुमार ने चॉकलेट के डिब्बे प्रदान किए।इसके अलावा सफाई कर्मियों को राशन किट भी प्रदान की गई। सिटी मजिस्ट्रेट कैंपस स्थित प्रेस क्लब में डॉ. शिवा अग्रवाल और डॉ. राधिका नागरथ के संयोजन में चलाए गए स्वच्छता अभियान में सभी पत्रकारों ने अपना-अपना सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रेस क्लब हमारा घर के साथ-साथ मंदिर भी है, इसे स्वच्छ और साफ रखना हमारी जिम्मेदारी है। कहा कि प्रेस क्लब में रोजाना साफ-सफाई की जाती है।




# मुख्यमंत्री ने किया 5 मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारम्भ



अमित गुप्ता

देहरादून। प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए, पांच पूर्ण रूप से सुसज्जित मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) की शुरूआत की गई है। इसका उद्देश्य राज्य के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इस योजना का शुभारम्भ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा मुख्यमंत्री आवास परिसर में किया गया। उन्होंने इस पहल को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को दूर करने हेतु प्रभावी प्रयास बताया। सरकार के 'स्वस्थ उत्तराखंड, समृद्ध उत्तराखंड' मिशन के अनुरूप सप्ताह में छह दिन संचालित होने वाले ये एमएमयू आवश्यक निदान और उपचार सुविधाओं से सुसज्जित हैं। राज्य के दूरदराज के क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में ये 5 एमएमयू निश्चित रूप से मददगार होंगे। इन एमएमयू का संचालन सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) द्वारा किया जाएगा और आरईसी (ग्रामीण विद्युतीकरण निगम) द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के हिस्से के रूप में वित्त पोषित किया जाएगा। प्रारम्भ में ये इकाइयां हरिद्वार में 2, उधम सिंह नगर में 2 और टिहरी गढ़वाल में 1 इकाई तीन साल की अवधि के लिए संचालित होंगी। इन पांच एमएमयू में से एक समर्पित महिला मोबाइल मेडिकल यूनिट भी है, जिसमें पूर्णतः महिला स्वास्थ्य देखभाल करने वाले कार्मिक सक्रिय हैं। वंचित क्षेत्रों में महिलाओं की विशिष्ट स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इसे विशेष रूप से तैयार किया गया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर. राजेश कुमार, निदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुनीता टम्टा, डी. एस. एन. मूर्ति, एम. डी. धनुष हेल्थ केयर, सुभाष चन्द्र उप महाप्रबंधक पी. एन. बी., एम. डी. पेनेसिया हॉस्पिटल देहरादून अश्विनी, सीएससी स्टेट हेड दीपक आदि उपस्थित थे।

## कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक संपन्न हुई नीट परीक्षा

विशाल रस्तौगी।

रुड़की। क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को सात केंद्रों पर नीट परीक्षा को शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई। जिला प्रशासन ने परीक्षा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। प्रश्न पत्र निर्धारित लॉकर से कड़ी सुरक्षा के बीच विभिन्न परीक्षा केंद्र तक पहुंचाए गए। सावधानी बरतते हुए छात्रों को प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए गए। दिन भर पुलिस परीक्षा केन्द्रों के चक्कर काटती रही।

# पतंजलि में म्यूजियम ऑफ ऑरिजिन एवं कॉन्टिनम विषय पर इतिहास का एक दिवसीय सम्मेलन सम्पन्न



अमित कुमार

हरिद्वार। बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पेलियो साइंस, पतंजलि रिसर्च फाउण्डेशन एवं पतंजलि विश्वविद्यालय के सहयोग से 'म्यूजियम ऑफ ऑरिजिन एवं कॉन्टिनम% विषय पर इतिहास के एकदिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें स्वामी रामदेव एवं आचार्य बाल कृष्ण  के साथ देश के प्रबुद्ध इतिहासविद, भू-वैज्ञानिक एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली के विद्वानों ने विचार मंथन किया। सम्मेलन में ब्रुट्ट कार्यकारी समिति के अध्यक्ष प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धि ने कहा कि पतंजलि के द्वारा इतिहास लेखन व प्रामाणिकरण के लिए जो कार्य किया जा रहा है वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगा व लोगों को अपने मूल के साथ जोड़ेगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के महानिदेशक डॉ. वाई.एस. रावत ने कहा कि पतंजलि के द्वारा इतिहास के संरक्षण का अद्वितीय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पतंजलि के द्वारा पुरातत्व सर्वेक्षण के लिए किया जा रहा कार्य वैश्विक इतिहास को पुनर्जीवित करेगा। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि भारत के गौरवमयी इतिहास को जानबूझकर छिपाया गया है। पतंजलि के द्वारा भारत के स्वर्णिम इतिहास के संरक्षण का दायित्व अब पतंजलि ने उठाया है। कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि भारतीय इतिहास ही वास्तविक रूप में विश्व का इतिहास है, और हम वैश्विक मंच पर अपने प्राचीन इतिहास व शास्त्रीय परंपराओं एवं ज्ञान-विज्ञान को पुनः प्रतिष्ठित करने का कार्य कर रहे हैं। सम्मेलन में बीएसआईपी के निदेशक प्रो. एम.जी. ठक्कर ने 'अवधारणाओं की रूपरेखा% तथा पतंजलि रिसर्च फाउण्डेशन के इतिहास एवं पुरातत्व विज्ञान की प्रमुख डॉ. रश्मि मित्तल ने 'वैज्ञानिक दृष्टिकोण से मानव जाति के इतिहास पर नई अंतर्दृष्टि विषय पर परिचयात्मक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्रालय के आई.के.एस. प्रभाग प्रमुख प्रो. जी. सूर्यनारायण मूर्ति; अहमदाबाद, गुजरात से आर्किटेक्ट पार्थ ठक्कर; इलाहाबाद संग्रहालय के निदेशक डॉ. राजेश प्रसाद; डॉ. बी.आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली के सहायक प्राध्यापक डॉ. आनंद बर्धन; ए.एस.आई. के पूर्व निदेशक डॉ. धर्मवीर शर्मा; ऑन्कोलॉजिस्ट एवं इतिहासकार डॉ. पुनीत गुप्ता; सुदर्शन चैनल के अध्यक्ष सुरेश च्व्हानके, ष्ट्टड्ढह्वद्ग- ए सेंटर फॉर हैरिटेज की सचिव सुश्री गीतांजलि बरुआ; नई दिल्ली से आर्किटेक्ट शुबिनॉय बनर्जी; आई.जी.एन.सी.ए. के संरक्षण प्रभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. ए.एस. सत्येन्द्र कुमार तथा आई.जी.एन.सी.ए. के संरक्षण विभाग से परियोजना समन्वयक आस्तिक भारद्वाज ने तकनीकी सत्र में व्याख्यान दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अमित कुमार ने अमर प्रिंटिंग प्रेस, मौहल्ला कड़च्छ, निकट-आईस फैक्टी, ज्वालापुर हरिद्वार से मुद्रित तथा श्री श्याम कुटीर, 29ए, निर्मल विहार, मिश्रा गार्डन, कनखल, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)-249408 से प्रकाशित किया।

सम्पादक
**अमित कुमार**
मो. 094120255572

**E-mail.**
guptaamit1968@gmail.com
guptasaransh11@gmail.com

कानूनी सलाहकार
**के.पी.एस.चौहान**
(एडवोकेट)

**पंजीयन संख्या: UTTHIN/2006/17322**
**डाक पंजीयन संख्या यू.ए./डी.ओ. दे.दून/291/2024-26**

नोट:-समस्त विवादों के लिये हरिद्वार न्याय क्षेत्र ही मान्य होगा सभी पद अवैतनिक है।